Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 5

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 26

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

3 ज़विलक़अदह 1441 हिजरी कमरी 25 इहसान 1399 हिजरी शमसी 25 जून 2020 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

गुनाह अल्लाह के अतिरिक्त की मुहब्बत दिल में पैदा होने से पैदा हो तब है और धीरे-धीरे दिल पर ग़लबा कर लेता है। अत: गुनाह से बचने और सुरक्षित रहने के लिए यह भी एक माध्यम है कि इन्सान मौत को याद रखे और ख़ुदा तआला के कुदरत के आशचर्यों में ग़ौर करता रहे क्योंकि इस से अल्लाह की मुहब्बत और ईमान बढ़ता है और जब ख़ुदा तआला की मुहब्बत दिल में पैदा हो जाए तो वह गुनाह को ख़ुद जला कर भस्म कर जाती है ।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

गुनाह की हक़ीक़त और इस से बचने के माध्यम

मैं इस स्थान पर यह बात भी बताना चाहता हूँ कि गुनाह कैसे पैदा होता है? इस सवाल का जवाब साधारण शब्दों में यही है कि जब अल्लाह के अतिरिक्त की मुहब्बत इन्सानी दिल पर छा जाती है तो वह इस साफ आइना पर एक किस्म का ज़ंग सा पैदा करती है जिसका नतीजा यह होता है कि वह धीरे-धीरे बिल्कुल अन्धेरा हो जाता है और ग़ैर अपना घर करके उसे ख़ुदा से दूर डाल देती है और यही शिर्क की जड़ है लेकिन हृदय पर अल्लाह तआला और सिर्फ अल्लाह तआला की मुहब्बत अपना क़ब्ज़ा करती है वह ग़ैरत को जला कर उसे सिर्फ अपने लिए चुन लेती है फिर इस में दृढ़ता पैदा हो जाती है और वह असल जगह पर आ जाती है। अंग के टूटने और फिर चढ़ने में जिस तरह से तकलीफ़ होती है लेकिन टूटा हुआ अंग कहीं ज़्यादा तकलीफ़ देता है जो उसे सिर्फ दोबारा चढ़ने से अस्थायी तौर पर होती है और फिर एक राहत का सामान हो जाता है लेकिन अगर वह अंग इसी तरह टूटा रहे तो एक वक़्त आ जाता है कि इस को बिलकुल काटना पड़ता है इसी तरह से दृढ़ता की प्राप्ति के लिए सब से पहले आरम्भिक स्तर और मुर्तबों पर इतनी तकलीफ़ और मुश्किलें भी आती हैं लेकिन इस के प्राप्त होने पर एक स्थायी राहत और ख़ुशी पैदा हो जाती है रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को जब यह इरशाद हुआ فَاسْتَقِمْ كَمَا أُمِرْتَ(हूद:113) तो लिखा है कि आपके कोई सफ़ेद बाल ना था फिर सफ़ेद बाल आने लगे तो आपने फ़रमाया मुझे सूरा हौद ने बूढ़ा कर दिया।

अत: यह है कि जब तक इन्सान मौत का एहसास न करे वे नेकियों की तरफ़ झुक नहीं सकता। मैंने बतलाया है कि गुनाह अल्लाह के अतिरिक्त की मुहब्बत दिल में पैदा होने से पैदा हो तब है और धीरे-धीरे दिल पर ग़लबा कर लेता है। अत: गुनाह से बचने और सुरक्षित रहने के लिए यह भी एक माध्यम है कि इन्सान मौत को याद रखे और ख़ुदा तआला के कुदरत के आशचर्यों में ग़ौर करता रहे क्योंकि इस से अल्लाह की मुहब्बत और ईमान बढ़ता है और जब ख़ुदा तआला की मुहब्बत दिल में पैदा हो जाए तो वह गुनाह को ख़ुद जला कर भस्म कर जाती है ।

दूसरा माध्यम गुनाह से बचने का मौत का एहसास है। अगर इन्सान मौत को अपने सामने रखे तो वे इन बुराइयों और कोताहियों से रुक जाए और ख़ुदा तआला पर उसे एक नया ईमान प्राप्त हो और अपने पिछले गुनाहों पर तौबा और लज्जित होने का अवसर मिले। इन्सान विनीत की हस्ती किया है ?सिर्फ एक दम पर भरोसा है। फिर क्यों वह आख़िरत की चिन्ता नहीं करता और मौत से नहीं डरता और नफ़सानी और हैवानी भावनाओं का अधीन और ग़ुलाम हो कर उम्र नष्ट कर देता है। मैंने देखा है कि हिंदुओं को भी मौत का एहसास हुआ है। बटाला में किशन चंद नामक एक भंडारी सत्तर या बहत्तर बरस की उम्र का था। उस वक़्त उसने घरबार सब कुछ छोड़ दिया और काशी में जा कर रहने लगा और वहां ही मर गया। यह सिर्फ इसलिए कि वहां मरने से इस की मोक्ष होगी मगर यह विचार उस का झूठा था। लेकिन इस से इतना तो मुफ़ीद नतीजा हम निकाल सकते हैं कि उसने मौत का एहसास मौत किया और मौत का एहसास इन्सान को दुनिया के आनन्दों में बिल्कुल डूबने से और ख़ुदा से दूर जा पड़ने से बचा लेता है। यह बात कि काशी में मरना मुक्ति का कारण होगा यह उसी मख़लूक़ परस्ती का पर्दा था जो उस के दिल पर पड़ा हुआ था मगर मुझे तो बहुत अफ़सोस होता है जबकि मैं देखता हूँ कि मुसलमान हिंदुओं की तरह भी मौत का एहसास नहीं करते। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को देखो सिर्फ इस एक हुक्म ने कि فَاسْتَقِمْ كَمَا أُمِرْتَ(हौद:113) ने ही बूढ़ा कर दिया। किस क़दर मौत का एहसास है। आपकी यह अवस्था क्यों हुआ सिर्फ इस लिए कि ताकि हम इस से शिक्षा लें। वर्ना रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पवित्र और मुक़द्दस ज़िन्दगी की इस से बढ़कर और क्या दलील हो सकती है कि अल्लाह तआला ने आपको कामिल हादी और फिर क़यामत तक के लिए और इस पर सारी दुनिया के लिए निर्धारित फ़रमाया मगर आपकी ज़िन्दगी की समस्त घटनाएं एक व्यावहारिक शिक्षाओं का सार हैं जिस तरह पर क़ुरआन करीम अल्लाह तआला की किताब है और कानूने क़ुदरत उस की फ़ेअली (व्यवहारात्मक) किताब है इसी तरह पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़िन्दगी भी एक व्यवहारात्मक किताब है जो मानो क़ुरआन करीम का विस्तार और तफ़सीर है। मेरे तीस साल की उम्र में ही सफ़ेद बाल निकल आए थे और मिर्ज़ा साहिब मरहूम मेरे वालिद अभी ज़िन्दा ही थे। सफ़ैद बाल भी मानो एक किस्म का मौत का निशान होता है। जब बुढ़ापा आता है जिसकी निशानी यही सफ़ेद बाल हैं तो इन्सान समझ लेता है कि मरने के दिन अब क़रीब हैं। मगर अफ़सोस तो यह है कि इस वक़्त भी इन्सान को फ़िक्र नहीं लगता। मोमिन तो एक चिड़िया और जानवरों से भी आदर्श अख़लाक़ सीख सकता है क्योंकि ख़ुदा तआला की खुली हुई किताब उस के सामने होती है। दुनिया में जिस क़दर चीज़ें अल्लाह तआला ने पैदा की हैं वे इन्सान के लिए जिस्मानी और रुहानी दोनों किस्म के आनन्दों के सामान हैं। मैंने हज़रत जुनैद रहमहुल्लाह के वर्णन में पढ़ा है कि आप फ़रमाया करते थे। मैंने मुराक़बा बिल्ली से सीखा है। अगर इन्सान निहायत पर ग़ौर निगाह से देखे तो उसे मालूम होगा कि जानवर खुले तौर पर ख़ुलक़ रखते हैं। मेरे मज़हब में सब चैपाए तथा परिन्दे एक ख़लक़ हैं और इन्सान उस के मजमूआ (सार) का नाम है। यह नफ़स जामा है और इसी लिए आलम सग़ीर कहलाता है कि समस्त मख़लूक़ात के कमाल इन्सान में एक साथ तौर पर जमा हैं और समस्त इन्सानों के समस्त कमाल सार रूप में हमारे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम में जमा हैं और इसी लिए आप सारी दुनिया के लिए भेजे गए और रहमतुन लिल्आमीन कहलाए। إِنَّكَ لَعَلٰى خُلُقٍ عَظِيمٍ (अल-क़लम: 5) में भी इसी इन्सानी कमालों के सारांक्ष की तरफ़ इशारा है। इसी सूरत में मुहम्मदी (स) आचरण की महानता के बारे में विचार कर सकता है और यही कारण था कि आप पर कामिल नबुव्वत के कमालात ख़त्म हुए। यह एक प्रामाणिक बात है कि किसी चीज़ का ख़ात्मा उस के जन्म के लक्ष्य के समापन पर होता। जैसे किताब की जब सारी बातें वर्णन हो जाती हैं तो इस का ख़ात्मा हो जाता है। इसी तरह पर रिसालत और नबुव्वत का लक्ष्य रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर ख़त्म हुआ। और यही खत्म नबुव्वत के अर्थ हैं। क्योंकि यह एक सिलसिला है जो चला आया है और कामिल इन्सान पर आकर इस का ख़ात्मा हो गया ।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 149 से 152 प्रकाशन 2008 कादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का यूरोप का सफर, सितम्बर अक्तूबर 2019 ई (भाग-9)

यूरोप आकर में धीरे-धीरे धर्म से दूर हो गई थी जलसा के माहौल ने मुझे फिर से धर्म की दौलत प्रदान कर दी और यही कारण है कि मैंने अहमदी होने का फ़ैसला किया और बैअत कर ली। (एक नई बैअत करने वाली औरत Therese Le Coq साहिबा)

जमाअत अहमदिया दलील से बात करती है और दलील के साथ मनवाती है, आपको सिर्फ इस वजह से बात नहीं करनी पड़ती कि बस मुल्ला ने कह दिया तो इसी तरह करना है , मैंने आज ख़लीफ़तुल मसीह के हाथ पर बैअत की है अहमदी होने के बाद मुझे बहुत शान्ति प्राप्त हुई है। (जज़ाइर कमोरोज़ Comoroseis) से अहमद साहिब

आज मेरी ख़ुशी की इंतिहा नहीं है , बैअत कर के बहुत अच्छा और सुकून महसूस कर रहा हूँ और इंशा अल्लाह आगे भी बहुत अच्छा रहूँगा। (फ्रांस के एक नई बैअत करने वाला लूइस साहिब)

मुझे हुज़ूर अनवर के मुबारक हाथ पर सीधा बैअत का सौभाग्य प्राप्त हुआ यह मेरी ज़िन्दगी में मेरे लिए बहुत भावनात्मक घटना है (फ्रांस के एक नई बैअत करने वाले फ़लोरंटसाहिब)

नई बैअत करने वालों के ईमान वर्धक विचार।

(रिपोर्टः अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादकः शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

6 अक्तूबर 2019 ई(दिनांक इतवार)बाक़ी रिपोर्ट

फ़ैमली मुलाक़ातें

प्रोग्राम के अनुसार सवा छः बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने दफ़्तर तशरीफ़ लाए और फ़ैमलीज़ मुलाक़ातें शुरू हुईं। आज शाम के इस सैशन में 32 फ़ैमिलीज़ के107 लोगों ने अपने प्यारे आक़ा से मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। इस के अतिरिक्त 25 लोगों ने व्यक्तिगत रूप से मुलाक़ात का सौभाग्य पाया।

प्रत्येक ने बारी बारी अपने आक़ा के साथ तस्वीर बनवाने का सौभाग्य भी पाया। अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने दया करते हुए शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों तथा छात्राओं को क़लम प्रदान फरमाए और छोटी उम्र के बच्चों को चॉकलेट प्रदान फरमाएं।

मुलाक़ात कारने वालों में तयूनस से सम्बन्ध रखने वाले एक दोस्त ख़लील इस्बाई साहिब भी थे। उन्होंने आज हुज़ूर अनवर के मुबारक हाथ पर बैअत का सौभाग्य भी पाया था।

कहने लगे कि यद्यपि मैंने कुछ साल पहले बैअत की थी लेकिन आज ज़िन्दगी में पहली बार अपने आक़ा के मुबारक हाथ पर बैअत की है। मैं पैदा तो एक मुसलमान घराने में हुआ था लेकिन आज मुझे ऐसे लग रहा है कि मैं नए सिरे से पैदा हुआ हूँ। आज मुझे एक नई ज़िन्दगी प्रदान हुई है जब मैंने हुज़ूर अनवर को देखा तो मुझे ऐसा लग रहा था कि एक फ़रिश्ता को देख रहा हूँ।

मुलाक़ातों का यह प्रोग्राम साढ़े आठ बजे तक जारी रहा। इस के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ हाल में तशरीफ़ ले आए जहां प्रोग्राम के अनुसार आमीन का आयोजन हुआ।

7 अक्तूबर 2019 ई(दिनांक सोमवार)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर तशरीफ़ लाकर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए। आज प्रोग्राम के अनुसार बैयतुल अता (जलसा गाह) से मस्जिद मुबारक Saint Prix के लिए रवानगी थी।

प्रोग्राम के अनुसार 11 बजकर 20 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने रिहायशी हिस्सा से बाहर तशरीफ़ लाए और दुआ करवाई और इस अवसर पर मौजूद मर्दों तथा औरतों को अस्सलामो अलैकुम कहा और यहां से क़ाफ़ला रवाना हुआ। यहां से जमाअत के मर्कज़ी मिशन हाऊस दारुस्सलाम और मस्जिद मुबारक Saint Prix की दूरी 60 किलोमीटर है

फ्रांस में जमाअत अहमदिया का यह पहला मर्कज़ी मिशन हाऊस और पहली मस्जिद है Saint Prix का क्षेत्र पैरिस के आसपास के इलाक़ों में से है। हुज़ूर अनवर का स्वागत करने के लिए पैरिस की विभिन्न जमाअतों से जमाअत के लोग मर्द तथा औरतें सुबह से ही जमा होने शुरू हो गए थे। 12 बज कर 20 मिनट पर जब हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की गाड़ी मिशन हाऊस के सेहन में दाख़िल हुई तो हुज़ूर अनवर का स्वागत करने के लिए हर तरफ़ हाथ फ़िज़ा में ऊंचा थे और बच्चियों के ग्रुपस स्वागत गीत प्रस्तुत कर रहे थे। अहलन व सहलन व मर्हबा या अमीरुल मोमिनीन की सदाएँ ऊंची हो रही थीं।

जब हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ गाड़ी से बाहर तशरीफ़ लाए तो एक तिफ़्ल प्रिय फ़रीद अहमद ने हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ की सेवा में फूल प्रस्तुत किए और एक बच्ची प्रिया ईशा मन्सूर ने हज़रत बेगम साहिबा मद ज़िलहा आली की सेवा में फूल प्रस्तुत किए।

हुज़ूर अनवर ने अपना हाथ ऊंचा कर के सबको अस्सलामो अलैकुम कहा और अपने रिहायशी हिस्सा की तरफ़ तशरीफ़ ले गए। मिशन हाऊस के साथ कई नए हिस्से बनाए गए थे। हुज़ूर अनवर ने उनके बारे में पूछा। अमीर साहिब फ्रांस ने बताया कि एक तरफ़ मज्लिस अंसार अल्लाह फ्रांस का दफ़्तर बनाया है और एक दूसरे हिस्सा में फिनांस का दफ़्तर बनाया है और एक मीटिंग रुम भी बनाया गया है

इस के बाद हुज़ूर अनवर अपनी रिहायश गाह में तशरीफ़ ले गए 2 बजकर 15 पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने मस्जिद मुबारक तशरीफ़ ला कर नमाज़ ज़ुहर तथा अस्र जमा कर के पढ़ाई। नमाज़ों की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह पर तशरीफ़ ले गए। प्रोग्राम के अनुसार 5 बजकर 15 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपने दफ़्तर तशरीफ़ लाए

मिशन हाऊस के क़रीब क्षेत्र Sarcelles के डिप्टी गवर्नर Mr. Denis Dobo Scho Enenberg हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ से मुलाक़ात के लिए आए हुए थे।

महोदय ने हुज़ूर अनवर की सेवा में निवेदन किया कि वह मिशन हाऊस क़रीबी अलाकह Sarcelles के डिप्टी गवर्नर हैं

हुज़ूर अनवर ने पूछा कि आपके अधीन कितनी आबादी है और कितने शहर तथा क़स्बे हैं। इस पर गवर्नर ने निवेदन किया कि 62 विभिन्न शहर और क़स्बे इत्यादि उनके अधीन हैं और उनके रीजन में 4 लाख 72 हज़ार लोग हैं। हुज़ूर अनवर के पूछने पर महोदय ने बताया कि फ्रांस में पिछले दिनों जो प्रोटेस्ट हुए थे वे अधिकतर पैरिस में हुए थे। उनके क्षेत्र में बहुत कम थे, कुछ हद तक थे

हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया यह हंगामे हुए थे और लोग सड़कों पर आए थे इसकी वजह क्या थी। इस पर महोदय ने निवेदन किया कि इकनॉमिक कारण भी हैं। बेरोज़गारी है, कुछ BROKEN HOME से भी आते हैं यह भी वजह है। लेकिन हम कोशिश करते हैं कि JOBS उपलब्ध करें। बच्चों के लिए स्कूलज़ उपलब्ध करें , ट्रांसपोर्ट को बेहतर करें। लेकिन यह काम आसान नहीं है

इन्हीं दिनों पुलिस स्टेशन पर हमला हुआ था और हमला करने वाले ने अपने ही साथियों को क़त्ल किया था, उस का ज़िक्र हुआ। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया। जिसने हमला किया था उसने तो कुछ समय पहले इस्लाम स्वीकार किया था। वह तो शादी

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

समय का ख़लीफा और जमाअत एक ही वजूद के दो नाम हैं।'

आजकल हम जिस हालत से गुज़र रहे हैं इस में ख़ासतौर पर ख़ुदा तआला के आगे झुकने की है।

ये आफ़तें और तूफ़ान और बलाऐं जो इस ज़माना में आ रही हैं उनका हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ज़माना से ख़ास सम्बन्ध है। अतः हमें अपने ईमान तथा विश्वास और अन्जाम अच्छा होने के लिए भी बहुत दुआएं करनी चाहिऐं और दुनिया के बचाने के लिए भी दुआएं करनी चाहिऐं।

उचित है कि इन परीक्षा के दिनों में अपने नफ़्स को मार कर तक़्वा धारण करें। मेरी उद्देश्य इन बातों से यही है कि तुम नसीहत और इबरत पकड़ो। दुनिया नश्वर होने का स्थान है, आख़िर मरना है ख़ुशी धर्म की बातों में है। असली मक़सद तो धर्म ही है।

वर्तमान हालात में अहमदियों के महफ़ूज़ रहने, जमाअत अहमदिया की तरक्कियों, माली क़ुर्बानी करने वालों, एम टी ए के काम करने वाले और इस्लामी जगत के अमन वाले इत्तिहाद के लिए की तहरीक

कुछ दुआओं की नसीहत

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़,
दिनांक 22 मई 2020 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُوْلُهُ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

सबसे पहले तो उन सब अहमदियों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ जिन्हों ने पिछले दिनों मेरे गिरने पर, चोट लगने पर अपने ग़ैरमामूली भवानाओं को प्रकट किया और बड़ी तड़प से दुआएं कीं। अल्लाह तआला आप सबको इस की बेहतरीन बदला दे, इख़लास तथा वफ़ा में बढ़ाए। इस ज़माना में ख़ुदा तआला के लिए और अल्लाह तआला के इरशाद के अनुसार आपस की मुहब्बत, खासतौर पर समय के ख़लीफा से यह इख़लास तथा वफ़ा के उदाहरण केवल जमाअत अहमदिया ही में मिल सकती है। यह दो तरफ़ की मुहब्बत भी अल्लाह तआला की पैदा की हुई है। यहां यह भी नहीं पता चलता कि कौन ज़्यादा दूसरे के लिए दर्द रखता है। कई बार तो यह लगता है कि जमाअत के लोगों की ख़िलाफ़त से मुहब्बत इंतिहा को पहुंची हुई है और समय का ख़लीफा की जमाअत के लोगों के साथ जो सम्बन्ध और मुहब्बत है कई लोगों के उदाहरण ऐसे हैं जिन्हें देखकर लगता है कि इस स्तर की नहीं है लेकिन बहरहाल यह दो तरफ़ की मुहब्बत है, दो तरफ़ से सम्बन्ध है और जैसा कि मैं ने कहा है एक ऐसा सम्बन्ध है जिसका कोई उदाहरण दुनियावी रिश्तों में नहीं मिलता। हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सालिस रहेमहुल्लाह तआला का यह वाक्य मुझे बहुत अच्छा लगता है कि

समय का ख़लीफा और जमाअत एक ही वजूद के दो नाम हैं।

(ख़ुतबाते नासिर भाग4 सफ़ा423 ख़ुतबा जुमा 29 सितम्बर1972 ई)

यह आप लोगों की दुआओं की ही क़बूलीयत है कि अल्लाह तआला के फ़ज़ल से ग़ैरमामूली तौर पर जो ज़ख़्म हैं जल्दी ठीक हुए। डाक्टर साहिब ने मुझे कहा कि चेहरे के ज़ख़म प्राय जल्दी ठीक हो जाते हैं लेकिन डाक्टर साहिब कहते हैं कि जिस रफ़्तार से यह ठीक हुए हैं मुझे भी उतना ख़्याल नहीं था। उनको मैं ने यही कहा था कि ईलाज तो अपनी जगह लेकिन असल चीज़ दुआएं हैं जो अहमदी कर रहे हैं। मुझे भी यह ख़्याल था कि कई ज़ख़्म हैं और इस के खुरंड उतरते हुए भी कम से कम दो हफ़्ते तो लगेंगे फिर शायद ज़ख़मों के कुछ निशान भी रह जाएं लेकिन अल्लाह तआला के फ़ज़ल से सात आठ दिन में ही सब साफ़ हो गया। इस चोट की वजह से मुझे मरहम ईसा लगाने का जो अनुभव हुआ वह भी बता देता हूँ कि कुछ समय हुआ मीर महमूद अहमद साहिब नासिर ने सुरयानी नुस्ख़े के अनुसार बना के मुझे भिजवाई थी। वह मैंने अब प्रयोग की। इसी तरह होमियोपैथिक केलंडोला (Calendula) है। बहरहाल असल फ़ज़ल तो अल्लाह तआला का है वही शाफ़ी है। दवाईयों का जो मैं ने ज़िक्र किया तो वह इसलिए कि शायद दूसरों को भी लाभ हो जाए कई बार ज़रूरत पड़ती है। बहरहाल अब यह दुआ करें कि चोट के जो बाक़ी निशान हैं अल्लाह तआला उन्हें भी जल्द बेहतर फ़रमाए। जो बुरे प्रभाव हैं दूर फ़रमाए।

अल्लाह तआला का फ़ज़ल ही असल ताक़त है जो दुआओं से मिलता है। मुझे याद है कि कुछ समय हुआ मेरे कंधे और बाज़ुओं में बहुत दर्द थी। हाथ उठाना मुश्किल था। दूसरे हाथ की मदद लेनी पड़ती थी। यहां स्पैशलिस्ट डाक्टर को दिखाया तो उसने यह कहा कि यह दर्द छः हफ़्ते से तीन चार महीने तक रह सकती है। बहरहाल कुछ दिन के बाद फिर उसने निरीक्षण किया, देखा तो उस वक़्त अल्लाह तआला के फ़ज़ल से नब्बे प्रतिशत दर्द ख़त्म हो चुकी थी। उसने बड़ी हैरत का इज़हार किया। उसे मैंने यही कहा था कि जब लाखों लोग दुआ कर रहे हूँ तो इसी तरह अल्लाह तआला फ़ज़ल फ़र्मा देता है। अंग्रेज़ था कहने लगा मैं ईसाई भी हूँ और हमारा ख़ानदान मज़हबी भी है। दुआओं पर मुझे भी यक़ीन है और कहने लगा कि यक़ीनन यह दुआ से ही हुआ है।

अतः अल्लाह तआला का फ़ज़ल ही है जो हमें हरवक़त माँगना चाहिए और इस के आगे झुकना चाहिए। आजकल हम जिस हालत से गुज़र रहे हैं इस में खासतौर पर ख़ुदा तआला के आगे झुकने की ज़रूरत है। यूके से भी रिपोर्टें आ रही हैं और बाक़ी देशों से भी ये रिपोर्टें आ रही हैं कि इन हालात में जमाअत के लोगों को अल्लाह तआला की तरफ़ झुकने का बहुत ध्यान पैदा हुआ है। लॉक डाउन की वजह से घरों में खासतौर पर घर वाले मिलकर नमाज़ बाजमाअत का प्रबन्ध करते हैं। दर्स भी होता है। किसी न किसी किताब ,हदीस और क़ुरआन का दर्स भी होता है जिससे बड़ों का इलम भी बढ़ रहा है और बच्चों को भी धार्मिक इलम मिल रहा है। अल्लाह तआला पर ईमान में इज़ाफ़ा हो रहा है। अल्लाह तआला का फ़ज़ल हुआ कि इस समय में रमज़ान भी आ गया और लोगों की इबादत की तरफ़ जो ध्यान पैदा हो रहा था इस में पहले से बढ़कर इज़ाफ़ा हुआ। अब यह रमज़ान तो ख़त्म हो रहा है और इसी तरह कुछ हद तक लॉक डाउन पर भी मुख़्तलिफ़ हुकूमतें पाबन्दियां नर्म करने का इरादा कर रही हैं। कई हुकूमतें कर भी चुकी हैं। कई जगह यह नर्मी पैदा हो गई है। एक बात तो मैं यह कहना चाहूँगा कि पाबन्दियों पर नर्मी के साथ जो हुकूमत ने शर्तें लगाई हैं उन पर हर अहमदी को पाबन्द होने की कोशिश करनी चाहिए लेकिन सबसे बड़ी बात और अहम चीज़ जो हर अहमदी को अपने सामने रखनी चाहिए ये है कि कारोबारों की इजाज़त और बाहर निकलने की नरमी और फिर रमज़ान के महीने का गुज़र जाना किसी अहमदी को अल्लाह तआला की इबादत और जो नेकियां उन्होंने अपनाई थीं उन्हें ख़त्म करने वाला या उनमें कमी करने वाला न बनाए बल्कि उन नेकियों को और बाजमाअत नमाज़ों को जब तक मस्जिद में जाने पर पाबंदी है घरों में जारी रखना और जब मस्जिद जाने की इजाज़त मिल जाएगी तो मस्जिद को आबाद रखना अपने पर पहले से बढ़कर फ़र्ज़ करें। औरतें घरों में नमाज़ों का ख़ास एहतिमाम करें ताकि बच्चे भी अपने सामने नमूने देखने वाले हों। उनका भी ख़ुदा तआला पर ईमान और यक़ीन बढ़े। घरों में दर्स का चन्द मिनट के लिए सिलसिला जारी रहेता कि दीनी इलम भी बढ़े और इलम तथा मार्फ़त भी बढ़े। इसी तरह एम टी ए के प्रोग्रामों को देखने की तरफ़ भी तवज्जा रखें।

पहले भी मैं इस बारे में कह चुका हूँ।

अत: लॉक डाउन के बाद और न ही रमज़ान के बाद इन नेकियों को हम में से किसी को भूलना चाहिए बल्कि जारी रखना चाहिए। कभी किसी अहमदी को जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आकर अपने अन्दर पाक तब्दीलियां पैदा करने का अह्द करता है अपने बैअत के वादा को भूलना नहीं चाहिए। मोमिन का यह काम नहीं कि कभी उन लोगों में शामिल हो जिनके बारे में अल्लाह तआला फ़रमाता है कि मुश्किल में गिरफ़्तार हों तो अल्लाह तआला की तरफ़ झुकते हैं, इस की पनाह में आने की कोशिश करते हैं, इस से मदद मांगते हैं, उसे पुकारते हैं और जब तकलीफ़ दूर हो जाए तो ख़ुदा तआला को भूल जाते हैं।

आजकल लोग इस तलाश में हैं कि यह कोरोना वाइरस की बीमारी तिब्बी घटना है या अज़ाबे इलाही है। इस किस्म की आफ़ात और महामारियां जो आती हैं उनमें एक मोमिन का काम है कि पहले से बढ़कर ख़ुदा तआला की तरफ़ झुके। सिर्फ इसी की तलाश में न रहे कि यह क्या चीज़ है? और यह ज़माना जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का ज़माना है इस में अल्लाह तआला के हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के साथ बेशुमार वादे हैं जो पूरे हुए और हो रहे हैं और भविष्य में भी होंगे। अगर कोई डराने वाली बातें हैं तो सबसे पहले एक मोमिन का काम है कि भयभीत हो। ख़ौफ़ज़दा हो और अपने ईमान तथा विश्वास को मज़बूत करे। अपने अच्छे अंजाम के लिए दुआ करे। असल चीज़ यही है कि अंजाम अच्छा हो। मैंने कई बार बताया है कि ये आफ़तें और तूफ़ान और बलाऐं जो इस ज़माने में आ रही हैं उनका हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ज़माने से ख़ास सम्बन्ध है। अत: हमें अपने ईमान तथा विश्वास और अंजाम अच्छा होने के लिए भी बहुत दुआएं करनी चाहिऐं और दुनिया के बचाने के लिए भी दुआएं करनी चाहिऐं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम उस वक़्त भी जब अल्लाह तआला ने ताऊन को निशान के तौर पर ज़ाहिर होने की आप को स्पष्ट ख़बर दी थी बेचैन हो हो कर दुनिया के लिए दुआ किया करते थे। बंद दरवाज़ों के पीछे से आप की दुआओं की हालत को सुनने वाले वर्णन करते हैं कि इस तरह रोने की आवाज़ें आ रही होती थीं जैसे कि आग पर रखी हुई हंडिया में पानी के उबलने की आवाज़ें आती हैं कि इन्सानियत को अल्लाह तआला बचा ले।

(उद्धरित ख़ुदा तआला दुनिया की हिदायत के लिए हमेशा नबी मबऊस फ़रमाता है, अनवारुल उलूम भाग18 पृष्ठ 514)

(उद्धरित रजिस्टर रिवायात (अप्रकाशित भाग 7 पृष्ठ107 रवायात हज़रत मास्टर मुहम्मद अल्लाह दाद साहिब रज़ि)

अत: इन्सानियत के लिए आप का रहम और दया अल्लाह तआला के आप को निशान के बताने के बावजूद ग़ालिब था और उनके इस बीमारी की तबाही से बचने के लिए, इस वबा की तबाही से बचने के लिए आप दुआ कर रहे होते थे। अत: बड़े दर्द से दुआ कर रहे होते थे। अत: हमने भी आप के इस नमूने को देखना है

कई लोग हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अलराबे रहमहुल्लाह तआला के एक निबन्ध 'हवादिस तबी या अज़ाब इलाही 'को ले कर आज कल जो वाइरस की वबा फैली हुई है इस से मिलाने की कोशिश करते हैं और अपने तबसरे भी करते हैं। वाज़िह हो कि जैसा कि मैं कह चुका हूँ कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ज़माने के बाद आफ़ात और बलाओं की संख्या बढ़ी है और इस बारे में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने स्पष्ट फ़रमाया हुआ है कि ये आएंगी और तबाहियां आएंगी । इस में तो कोई शक नहीं लेकिन जैसा कि मैं पिछले ख़ुत्बों में वर्णन कर चुका हूँ हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने यह भी फ़रमाया है कि कई ईमान वाले भी कानूने क़ुदरत के तहत उस की लपेट में आ जाते हैं लेकिन उनका मुक़ाम शहीद का होता है और उनका अन्जाम बख़ैर अच्छा है।

(उद्धरित मल्फ़ूज़ात भाग 9 पृष्ठ 252)

और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आदेश के अनुसार भी उनका अन्जाम उन्हें जन्नत में ले जाने वाला होता है जैसा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि जिस जनाज़े पर लोग इस आदमी की तारीफ़ करें, उस की ख़िदमात की तारीफ़ करें, उस के हुक़ूक़ुल ईबाद और हुक़ूक़ अल्लाह की अदायगी की गवाही दें और तारीफ़ करें इस पर जन्नत वाजिब हो गई है।

(सही मुस्लिम किताबुल जनायज़ बाब फी मन यसमनी अलैहि ख़ैर औ शर मिनल मौता हदीस 949)

और हम देखते हैं कि बहुत सारे लोग हैं, कई ऐसे अहमदी मुख़लसीन हैं जिनके बारे में हर एक की यही विचार थे लेकिन इन महामारियों के प्रभावों को देखने वाली जो असल चीज़ है वह यह है कि इस से उमूमी तौर पर दुनियादारों पर क्या प्रभाव हो रहा है। दुनियादारों के तो होश गुम रहे हैं और होते हैं और आजकल यह दुनिया में हम देख रहे हैं कि किस तरह उनकी हालत हो चुकी है। न केवल लोगों की बल्कि बड़ी बड़ी हुकूमतों की, बड़े बड़े पहाड़ों की, हुकूमतें जो अपने आपको पहाड़ों की तरह मज़बूत समझती हैं। इन बड़ी बड़ी मज़बूत हुकूमतों की आर्थिकता और प्रणाली अस्त व्यस्त हो गए हैं और इस के असर से अपनी अवाम का ध्यान फेरने के लिए जो कोशिश वे कर रहे हैं वह और भी ज़्यादा ख़तरनाक है। वह उनको जंग और आर्थकिता की और अधिक तबाही में धकेल देगी। अत: जब तक ये लोग अपने अन्दर ऐसी तबदीली पैदा नहीं करेंगे जिससे फसादों की कैफ़ीयत दूर न हो तो एक के बाद दूसरी तबाही में ये लोग ख़ुद डूबते चले जाऐंगे। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने भी यही फ़रमाया है कि मुस्लमान होना या मज़हबी ग़लतियों का न होना या मज़हबी ग़लतियों का जो बदला है यह तो क़यामत के दिन है, अल्लाह तआला उस वक़्त देखेगा लेकिन फ़ित्ना तथा फ़साद और हुक़ूक़ छीनना और ख़ुदा के बंदों का उपहास करना यह बेचैन करने वाली तबाहियां लाता है

(उद्धरित कश्ती नूह, रुहानी ख़ज़ाइन भाग 19 पृष्ठ 5)

बहरहाल हमारा काम दुआ करना और दुनिया को समझाना और अपनी अवस्थाओं को पवित्र बनाना है। हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह अलराबे के जिस निबन्ध की मैंने बात की है वह लम्बा मज़मून है लेकिन हर अहमदी को जिस बात की तरफ़ तवज्जा देनी चाहिए इस मज़मून के पढ़ने से वह सिर्फ यह नहीं कि पहली क़ौमों के साथ क्या हुआ या अब क्या होगा या क्या हो रहा है और क्या तबाही है और क्या नहीं। यक़ीनन ये बातें भी भयभीत करने वाली होनी चाहिऐं। अपनी हालतों की तरफ़ तवज्जा देने वाली होनी चाहिऐं लेकिन जो असल बात है जो शब्द ध्यान देने योग्य हैं वह यह है जो कि आप ने लिखा हुआ है कि जमाअत अहमदिया के लिए इस में चेतावनी और खुशखबरी भी है

चेतावनी यह कि सिर्फ अहमदेत का नाम बचाने के लिए काफ़ी नहीं होगा बल्कि तक़्वा की शर्त भी साथ लगी हुई है और बिशारत का पहलू यह है कि जमाअत में जो व्यावहारिक कमज़ोरियाँ आ चुकी होंगी बड़ी तेज़ी के साथ उनके सुधार की कोशिश अहमदी करेगा। अत:सार यह कि जिन्हों ने बैअत का सिर्फ नाम लगाया हुआ है, एक लेबल (label)है वह आप की पवित्र शिक्षा की तरफ़ लौटेंगे तो फिर ही बचत है और ख़ुदा की तरफ़ यह लौटना ही उनके लिए बशारत है वर्ना कोई बिशारत नहीं।

(उद्धरित हवादिस तबी या अज़ाबे इलाही पृष्ठ121)

और जैसा कि मैंने कहा था कि इन दिनों में जो विशेष ध्याना पैदा हुआ है उसे अब क़ायम रखें और ख़ुद भी और अपने बच्चों को भी अल्लाह के अधिकारों और बन्दों के अधिकारों के अदा करने की तरफ़ तवज्जा दिलाएँ क्योंकि दुनिया की तबाही के बाद ख़ुदा तआला की तरफ़ जब दुनिया की नज़र होगी, तवज्जा होगी, हुक़ूक़ की अदायगी की तरफ़ जब नज़र होगी तो फिर लोग जमाअत की तरफ़ ही देखेंगे, फिर अहमदी ही होंगे जो दुनिया की सही रहनुमाई कर सकेंगे लेकिन इस से पहले हमें दर्द के साथ यह दुआ करनी चाहिए कि वह नौबत ही न आए जब दुनिया इस सीमा तक आगे चली जाए कि वहां से रोशनी और अमन की तरफ़ आने के रास्ते ही बंद हो जाएं। इस से पहले ही लोगों की नज़र इस तरफ़ फिर जाए। अत: हमें दुआओं के साथ अपने नमूने भी दिखाने की ज़रूरत है, दुनिया को बताने की ज़रूरत है कि एक दूसरे के हक़ अदा कर के ही तुम अल्लाह तआला के रहम को प्राप्त कर सकते हो और ख़ुदा तआला जो एक ख़ुदा है इस का रहम प्राप्त किए बग़ैर न दुनिया में अमन क़ायम करने के लिए हमारी कोशिश कामयाब हो सकती है और न मरने के बाद अंजाम अच्छा हो सकता है

अल्लाह तआला के फ़ज़ल से इन दिनों में जहां जमाअत के लोग इबादतों की तरफ़ तवज्जा दे रहे हैं वहां नौजवान भी और सेहतवाले अन्सार भी और लजना भी ख़िदमते ख़लक़ के काम भी कर रहे हैं। इस बारे में भी हर जगह से बड़ी अच्छी रिपोर्टें आ रही हैं। यह ख़िदमते ख़लक़ कई भटके हुओं को, दुनियादारों को रास्ते दिखाने का भी कारण बन रहा है।

पिछले दिनों कैनेडा की रिपोर्ट थी कि एक औरत ने रात दो बजे ख़ुद्दाम की जो पड़ासियों की हेल्पलाइन है इस को हर जगह से निराश हो कर फ़ोन किया कि यह मेरी मजबूरी है, मेरा लड़का बीमार है और दवाई हासिल करने के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं, हर जगह से इन्कार हो गया है। वह कहती थी सबने यही कहा है कि सुबह से पहले नहीं मिल सकती और इस की बहुत बुरी हालत है। वह कहती है कि मैंने कहा कि लोग कहते हैं ख़ुदा है। यद्यपि मैं ख़ुदा को नहीं मानती चलो आज आज़माते

हैं। कहती है मैंने इंतिहाई वेदना और व्याकुलता की हालत में कहा कि हे ख़ुदा अगर तू है तो मेरा बेटा इस बुरी हालत में है इस की दवाई का प्रबन्ध कर दे और साथ ही कहती है कि मुझे ख़ुद्दाम की हेल्पलाइन (helpline)का भी ख़्याल आया। फ़ोन किया तो किसी आदमी ने फ़ोन उठाया। उसे अपनी ज़रूरत बताई तो उसने कहा कोशिश करता हूँ। थोड़ी देर के बाद फिर उसी आदमी का फ़ोन आया कि इस वक़्त रात के दो बजे हैं इंतिज़ाम मुश्किल है। इस शख़्स ने कहा कि तुम्हारे लड़के की हालत किया है? मैंने फिर सारी अवस्था बताई और बड़ी बेचैनी का इज़हार किया तो उसने कहा अच्छा मैं ख़ुद जाकर देखता हूँ ,किसी जगह जा के देखता हूँ। एक फार्मेसी अमुक जगह पर खुली होती है। अगर खुली हुई तो दवाई ले आता हूँ। वह रात को उठ के गया। कहती है इस को जब मैंने जगाया था तो वह नींद की हालत में था लेकिन फिर भी वह पच्चास किलोमीटर का सफ़र कर के गया और मुझे दवाई ला कर दी। इस बात से मुझे ख़ुदा के होने का यक़ीन आ गया और ये यक़ीन अहमदी ख़ादिम की वजह से मुझे मिला और मैं इस के लिए शुक्रगुज़ार हूँ।

अत: इन दिनों में हम ख़िदमते इन्सानियत कर के बंदों को ख़ुदा के क़रीब लाने का भी ज़रीया बन सकते हैं उस के लिए हम में से हर एक को कोशिश करनी चाहिए। न यह कि यह देखते रहें कि तबाही आती है या नहीं आती। और फिर रमज़ान में जो सबक़ हमें दूसरों की तकलीफ़ का एहसास करने का मिला है उसे भी जारी रखना चाहिए कि हमेशा दूसरों की तकलीफ़ का एहसास करते रहें क्योंकि रमज़ान के उद्देश्यों में से एक यह भी है कि यह एहसास दिलाया जाए कि दूसरों की तकलीफ़ का एहसास करो।

अत: एक दुनिया का माहौल जो उमूमी तौर पर इस महामारी की वजह से बना हुआ है और एक रमज़ान का माहौल अब हमें हमेशा अपनी ज़िम्मेदारियों की तरफ़ ध्यान दिलाने वाला बना रहना चाहिए। रमज़ान तो कल या परसों चला जाएगा, ख़त्म हो जाएगा लेकिन इस की नेकियां हमें हमेशा अपने अंदर रखनी चाहिऐं। वह पाक तब्दीलियां जो हमने की हैं वह हमेशा अपने अंदर रखनी चाहिऐं और फिर जब लॉक डाउन में नर्मी आए तो हमें अपनी ज़ाती भी और इन्सानियत के लिए भी ज़िम्मेदारीयों को नहीं भूलना चाहिए। हमेशा याद रखना चाहिए जहां ख़ुद अल्लाह तआला का हक़ और बंदों का हक़ अदा करने की तरफ़ ध्यान दें वहां दूसरों को भी इस तरफ़ तवज्जा दिलाते रहें और अपने पवित्र नमूनों से दुनिया को ख़ुदा तआला और इस की मख़लूक़ के हुक़ूक़ अदा करने वाला बनाने की कोशिश करें। हमने इस ज़माने में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को माना है। आप की कोई मज्लिस ऐसी नहीं होती थी जहां आप अल्लाह तआला और इस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शिक्षा की रोशनी में हमारे मुक़ाम तथा स्तर की तरफ़ तवज्जा दिलाने की कोशिश न हों।

अत: हमें हरवक़त आपकी नसीहतों की जुगाली करते रहना चाहिएता कि हक़ीक़ी ईमान तथा विश्वास हमें हासिल हो। दूसरों की कमज़ोरियों की तरफ़ नज़र रखने की बजाय हम अपनी हालतों का जायज़ा लेते रहें। इस हवाले से इस वक़्त में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के कई हवाले भी आपके सामने पेश करूँगा जिन पर हमें ग़ौर करते रहना चाहिए। हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम हमें किस स्थान और स्तर पर देखना चाहते हैं। एक जगह हमारे इस स्तर का ज़िक्र फ़रमाते हुए हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि

चाहिए कि हर एक शख़्स तहज्जुद में उठने की कोशिश करे और पाँच वक़्त की नमाज़ों में भी क़नूत मिला दें। हर एक ख़ुदा को नाराज़ करने वाली बातों से तौबा करें। तौबा से यह मुराद है कि उन समस्त बुरे कामों और ख़ुदा की न रजामंदी के कारणों को छोड़कर एक सच्ची तबदीली करें और आगे क़दम रखें और तक़्वा धारण करें। इस में भी ख़ुदा का रहम होता है।' फ़रमाया "इन्सानी आदतों में आचरण पैदा करें। ग़ज़ब न हो। विनय और विनम्रता इस की जगह ले ले। अख़लाक़ की दुरुस्ती के साथ अपने मक़दूर के अनुसार सदक़ों का देना भी करो।"

يُطْعِمُوْنَ الطَّعَامَ عَلٰى حُبِّهٖ مِسْكِيْنًا وَّيَتِيْمًا وَّاَسِيْرًا

(अद्दहर 9)

अर्थात ख़ुदा की रज़ा के लिए मिस्कीनों और अनातों और कैदियों को खाना देते हैं और कहते हैं कि ख़ास अल्लाह तआला की रज़ा के लिए हम देते हैं और इस दिन से हम डरते हैं जो निहायत ही भयानक है।सारांश क़िस्सा दुआ से, तौबा से काम लो और सदक़े देते रहो ताकि अल्लाह तआला अपने फ़ज़ल तथा रहम के साथ तुमसे मामला करे।ञ

(मल्फ़ूज़ात भाग1 पृष्ठ 208 प्रकाशन 1984 ई)

फिर जमाअत को नसीहत करते हुए फ़रमाया

"अल्लाह तआला किसी की पर्वा नहीं करता मगर सालिह बंदों की। आपस में भाईचारा और मुहब्बत को पैदा करो और दरिंदगी और मतभेद को छोड़ दो। हर एक किस्म के उपहास और ठट्ठा से पूरी तरह दूर हो जाओ क्योंकि उपहास इन्सान के दिल को सदकों से दूर कर के कहीं का कहीं पहुंचा देता है। आपस में एक दूसरे के साथ इज़्ज़त से पेश आओ। हर एक अपने आराम पर अपने भाई के आराम को प्राथमिकता दे। अल्लाह तआला से एक सच्ची सुलह पैदा कर लो और इस की इताअत में वापस आ जाओ। अल्लाह तआला का ग़ज़ब ज़मीन पर नाज़िल हो रहा है और इस से बचने वाले वही हैं जो कामिल तौर पर अपने सारे गुनाहों से तौबा कर के इस के हुज़ूर में आते हैं

तुम याद रखो कि अगर अल्लाह तआला के फ़रमान में तुम अपने आप को लगाओगे और इस के धर्म की हिमायत में कोशिश करने वाले हो जाओगे तो ख़ुदा तमाम रुकावटों को दूर कर देगा और तुम कामयाब हो जाओगे। क्या तुमने नहीं देखा कि किसान उम्दा पौधों के लिए खेत में से नाकारा चीज़ों को उखाड़ कर फेंक देता है और अपने खेत को ख़ुशनुमा दरख़्तों और फल वाले पौधों से सजाता है और उनकी हिफ़ाज़त करता और हर एक हानि और नुक़्सान से उनको बचाता है मगर वह दरख़्त और पौदे जो फल न लाएं और गलने और ख़ुश्क होने लग जाएं उनकी मालिक पर्वा नहीं करता कि कोई मवेशी आकर उनको खा जाए या कोई लकड़हारा उनको काट कर तनूर में डाल दे। अत: ऐसा ही तुम भी याद रखो अगर तुम अल्लाह तआला के समक्ष सच्चे ठहरोगे तो किसी का विरोध तुम्हें तकलीफ़ न देगा। पर अगर तुम अपनी हालतों को दरुस्त न करो और अल्लाह तआला से फ़रमांबर्दारी का एक सच्चा वाद न करो तो फिर अल्लाह तआला को किसी की परवाह नहीं।"

फ़रमाया '..... चाहिए कि तुम ख़ुदा के अज़ीज़ों में शामिल हो जाओ .... प्रत्येक आपस के झगड़े और जोश और शत्रुता को मध्य में से उठा दो कि अब वह वक़्त है कि तुम छोटी बातों से दबर हट कर के प्रमुख और महान कामों में व्यस्त हो जाओ। लोग तुम्हारा विरोध करेंगे।' फ़रमाया किसी की पर्वा ना करो। '....इस बात को वसीयत के तौर पर याद रखो कि हरगिज़ तोज़ी और सख़्ती से काम न लेना।' विरोध करेंगे लेकिन तुमने हरगिज़ तेज़ी और सख़्ती से काम नहीं लेना। "बल्कि नर्मी और प्यार से और आचरण से हर एक को समझाओ।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 266 से 268 प्रकाशन 1984 ई)

हमारी अख़लाक़ी हालतों का ठीक होना और हुक़ूक़ुल ईबाद की तरफ़ ध्यान दिलाते हुए एक अवसर पर आप ने फ़रमाया

एक हदीस में आया है कि क़यामत में अल्लाह तआला कई बंदों से फ़रमाएगा कि तुम बड़े सम्माननीय हो और मैं तुम से बहुत ख़ुश हूँ क्योंकि मैं बहुत भूखा था तुमने मुझे खाना खिलाया। मैं नंगा था तुम ने कपड़ा दिया। मैं प्यासा था तुमने मुझे पानी पिलाया। मैं बीमार था तुमने मेरी इयादत की। वह कहेंगे कि हे अल्लाह तू तो इन बातों से पाक है। तो कब ऐसा था जो हमने तेरे साथ ऐसा किया? तब वह फ़रमाएगा कि मेरे अमुक़ अमुक़ बंदे ऐसे थे तुमने उनकी ख़बर-गैरी की। वह ऐसा मामला था कि गोया तुम ने मेरे साथ ही किया। फिर एक और गिरोह पेश होगा। उनसे कहेगा कि तुमने मेरे साथ बुरा ममला किया। मैं भूखा था तुमने मुझे खाना न दिया। प्यासा था पानी न दिया। नंगा था मुझे कपड़ा न दिया। मैं बीमार था मेरी इयादत न की। तब वो कहेंगे कि हे अल्लाह तू तो ऐसी बातों से पाक है। तू कब ऐसा था जो हमने तेरे साथ ऐसा किया? इस पर वो फ़रमाएगा कि मेरा अमुक़ अमुक़ बंदा इस हालत में था और तुमने उनके साथ कोई हमदर्दी और सुलूक न किया वह मानो मेरे ही साथ करना था।

यहां कोई शर्त नहीं है कि मुस्लमान है या हिन्दू है या ईसाई है या कौन है। फ़रमाया "अत: मानव जाति पर दया और इस से हमदर्दी करना बहुत बड़ी इबादत है और अल्लाह तआला की प्रसन्नता हासिल करने के लिए यह एक ज़बरदस्त माध्यम है मगर मैं देखता हूँ कि इस पहलू में बड़ी कमज़ोरी ज़ाहिर की जाती है। दूसरों को हीन समझा जाता है। इन पर ठट्ठे किए जाते हैं। उनकी ख़बर लेने वाला और किसी मुसीबत और मुश्किल में मदद देना तो बड़ी बात है। जो लोग ग़रीबों के साथ अच्छे सुलूक से पेश नहीं आते बल्कि उनको हीन समझते हैं, मुझे डर है कि वह ख़ुद इस मुसीबत में पीड़ित न हो जाएं। अल्लाह तआला ने जिन पर फ़ज़ल किया है इस की शुक्रगुज़ारी यही है कि इस की मख़लूक़ के साथ एहसान और सुलूक करें और इस ख़ुदा तआला दिए गए फ़ज़ल पर गर्व न करें और जंगलियों की तरह गरीबों को कुचल न डालें।

(मल्फ़ूज़ात भाग 8 पृष्ठ 102-103 प्रकाशन 1984 ई)

फिर इस की और अधिक व्याख्या फ़रमाते हुए आप हैं कि

"असल बात यह है कि सबसे मुश्किल और नाज़ुक अवस्था हुक़ूक़ुल ईबाद ही का है क्योंकि हरवक़्त इस का मामला पड़ता है और हर क्षण यह परीक्षा सामने रहती है। अत: इस स्तर पर बहुत ही होशियारी से क़दम उठाना चाहिए। मेरा तो ये मज़हब है कि दुश्मन के साथ भी हद से ज़्यादा सख़्ती न हो। कई लोग चाहते हैं कि जहां तक हो सके उस के अपमान और बर्बादी के लिए कोशिश की जाए। फिर वह इस फ़िक्र में पड़ कर जायज़ और नाजायज़ बातों की भी पर्वा नहीं करते। इस को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप इस पर लगाते। इफ़्तिरा करते और इस की ग़ीबत करते और दूसरों को इस के ख़िलाफ़ उक्साते हैं। अब बताओ कि मामूली दुश्मनी से किस क़दर बुराईयों और बदियों का वारिस बना और फिर ये बुराइयां जब अपने बच्चे देंगी तो कहाँ तक हालत पहुँचेगी।"

और हम देख रहे हैं कि यही आजकल दुनिया का हाल हो रहा है। व्यक्तिगत तौर पर भी और सामूहिक तौर पर भी और क़ौमी और हुकूमती तौर पर भी। फ़रमाया कि ''मैं सच कहता हूँ कि तुम किसी को अपना ज़ाती दुश्मन न समझो और इस द्वेष की आदत को बिलकुल छोड़ दो। अगर ख़ुदा तआला तुम्हारे साथ है और तुम ख़ुदा तआला के हो जाओ तो वह दुश्मनों को भी तुम्हारे खादिमों में दाख़िल कर सकता है लेकिन अगर तुम ख़ुदा ही से सम्बन्ध विच्छेद किए बैठे हो और इस के साथ ही कोई रिश्ता दोस्ती का बाक़ी नहीं। इस के ख़िलाफ़ मर्ज़ी तुम्हारा चाल चलन है। फिर ख़ुदा से बढ़कर तुम्हारा दुश्मन कौन होगा? मख़लूक़ की दुश्मनी से इन्सान बच सकता है लेकिन जब ख़ुदा दशमन हो तो फिर अगर सारी मख़लूक़ दोस्त हो तो कुछ नहीं हो सकता। इसलिए तुम्हारा तरीक़ा अंबिया अलैहिमुस्सलाम का सा तरीक़ हो। ख़ुदा तआला की इच्छा यही है कि ज़ाती शत्रुता कोई हो।

ख़ूब याद रखो कि इन्सान को सम्मान और सौभाग्य तब मिलता है जब वह ज़ाती तौर पर किसी का दुश्मन न हो। हाँ अल्लाह और इस के रसूल की इज़्ज़त के लिए अलग बात है अर्थात जो आदमी ख़ुदा और इस के रसूल की इज़्ज़त नहीं करता बल्कि उनका दुश्मन है उसे तुम अपना दुश्मन समझो।' लेकिन इस दुश्मनी के समझने की भी वज़ाहत फ़र्मा दी। फ़रमाया ''उस दुश्मनी समझने के यह अर्थ नहीं हैं कि तुम इस पर झूठ बोलो और बिना कारण उस को दुख देने के षयन्त्र करो। नहीं। बल्कि इस से अलग हो जाओ और ख़ुदा तआला के सपुर्द करो। मुम्किन हो तो इस का सुधार के लिए दुआ करो। अपनी तरफ़ से कोई नई भाजी उस के साथ शुरू न करो।'

(मल्फ़ूज़ात भाग 8 पृश्ठ 104-105 प्रकाशन 1984 ई)

फिर अख़लाक़ी मयारों की तरफ़ तवज्जा दिलाते हुए आप फ़रमाते हैं

" ''अख़लाक़ी हालत ऐसी ठीक हो कि किसी को नेक नीयती से समझाना और ग़लती से आगाह करना ऐसे वक़्त पर हो कि उसे बुरा मालूम न हो। किसी को हीनता की नज़र से न देखा जाए। दिल न तोड़ा जाए। जमाअत में आपस में झगड़े फ़साद न हों। धर्म के ग़रीब भाईयों को कभी हीनता की निगाह से न देखो। माल तथा दौलत या वंश की बुज़ुर्गी पर व्यर्थ में गर्व कर के दूसरों को अपमानित और तुच्छ न समझो। ख़ुदा तआला के नज़दीक सम्माननीय वही है जो मुत्तक़ी है। फ़रमाया है।

إِنَّ أَكْرَمَكُمْ عِندَ اللَّهِ أَتْقَاكُمْ (अलहजरात14)

दूसरों के साथ भी पूरे अख़लाक़ से काम लेना चाहिए। जो बुरे आचरण का नमूना होता है वह भी अच्छा नहीं। हमारी जमाअत के साथ लोग मुक़द्दमा करने का सिर्फ बहाना ही ढूंढते हैं। लोगों के लिए एक ताऊन है। हमारी जमाअत के लिए दो ताऊन हैं। अगर कोई जमाअत में से एक शख़्स बुराई करेगा तो इस एक से सारी जमाअत पर आपत्ति आएगी। दानिशमंदी, विनय और क्षमा के शक्ति को बढ़ाओ। नादान से नादान की बातों का जवाब भी संजीदगी और अच्छी भाषा से दो। बकवास का जवाब बकवास न हो।' फ़रमाया कि ''... उचित है कि इन परीक्षा के दिनों में अपने नफ़्स को मार कर तक़्वा धारण करें। मेरा उद्देश्य इन बातों से यही है कि तुम नसीहत और इबरत पकड़ो। दुनिया नश्वरता का स्थान है, आख़िर मरना है। ख़ुशी धर्म की बातों में है। असली मक़सद तो धर्म ही है।'

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 208-209)

फिर एक और अवसर पर जमाअत को नसीहत करते हुए फ़रमाया कि

''हमारी जमाअत को ऐसा होना चाहिए कि केवल लफ़्फ़ाज़ी पर न रहे बल्कि बैअत के सच्चे उद्देश्य को पूर करने वाली हो''।(हमारी जमाअत को ऐसा होना चाहिए कि केवल मुंह की बातों पर न रहे बल्कि बैअत की सच्ची इच्छा को पूर करने वाली हो।''अंदरूनी तब्दीली करनी चाहिए। सिर्फ मसाइल से तुम ख़ुदा तआला को ख़ुश नहीं कर सकते।' कि मसाइल जान लिए। यह नहीं। इस से अल्लाह तआला ख़ुश नहीं होगा। ''अगर अंदरूनी तब्दीली नहीं तो तुम में और तुम्हारे ग़ैर में कुछ फ़र्क़ नहीं। अगर तुम में धोखा, फ़रेब, कमज़ोरी और सुस्ती पाई जाए तो तुम दूसरों से पहले हलाक किए जाओगे। हर एक को चाहिए कि अपने बोझ को उठाए और अपने वादा को पूरा करे। उम्र का भरोसा नहीं।' फ़रमाया ''& जो आदमी समय से पहले नेकी करता है उम्मीद है कि वह पवित्र हो जाए। अपने नफ़्स की तब्दीली के लिए कोशिश करो। नमाज़ में दुआएं माँगो। सदक़ात ख़ैरात से और दूसरे हर तरह की कोशिशों से।

وَالَّذِينَ جَاهَدُوا فِينَا (अल-अनकबूत 70)

में शामिल हो जाओ। जिस तरह बीमार डाक्टर के पास जाता, दवाई खाता, कब्ज़ दूर करने वाली दवाई लेता, ख़ून निकलवाता, टकोर करवाता और शिफ़ा हासिल करने के लिए हर तरह की कोशिश करता है इसी तरह अपनी रुहानी बीमारीयों को दूर करने के लिए हर तरह कोशिश करो। सिर्फ ज़बान से नहीं बल्कि चेष्ठा के जिस क़दर तरीक़े ख़ुदा तआला ने फ़रमाए हैं वे सब करो। सदक़ा ख़ैरात करो। जंगलों में जा कर दुआएं करो।' फ़रमाया कि ''... अल्लाह तआला कोशिश करने वाले को पसंद करता है। जब इन्सान समस्त कोशिशों को करता है तो कोई न कोई निशाना भी हो जाता है।'

(मल्फ़ूज़ात भाग 8 पृष्ठ 188-189 प्रकाशन1984 ई)

अर्थात निशान भी हो जाता है। अर्थात इन दिनों में ख़ास तौर पर जबकि पाकिस्तान और कई देशों में अहमदियों के ख़िलाफ़ एक उबाल उठा हुआ है। हमें अल्लाह तआला के फ़ज़ल और रहम को जज़्ब करने के लिए हर किस्म की चेष्ठा करने की कोशिश करनी चाहिए। दुश्मन जब अपनी दुश्मनी में चरम को पहुंचा हुआ है तो हमें भी ख़ुदा तआला के फ़ज़ल और रहम को जज़्ब करने के लिए पहले से ज़्यादा कोशिश करनी चाहिए।

इसी तरह इस ज़माना में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का मुक़ाम तथा मर्तबा और आप के आचरण की हक़ीक़त हम पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने स्पष्ट फ़रमाई कि यह जो सारी चीज़ें हैं, यह उच्च आचरण, अल्लाह तआला के हुक़ूक़ और बन्दों के हुक़ूक़ को अदा करना यह आप के आदर्श पर चल कर ही हो सकते हैं और हमें बार-बार यही फ़रमाया है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मार्ग को न छोड़ो। इस बारे में नसीहत करते हुए एक अवसर पर आप ने फ़रमाया कि

''मैं यह भी तुम्हें बता देना चाहता हूँ कि बहुत से लोग हैं जो अपने बनाए हुए वज़ीफ़ों और और विर्दों के माध्यम से उन कमालों को प्राप्त करना चाहते हैं या ख़ुदा तआला के साथ सच्चा सम्बन्ध पैदा करना चाहते हैं लेकिन मैं तुम्हें कहता हूँ।'अर्थात अपने बनाए हुए जो विर्द हैं उनके माध्यम से अल्लाह तआला से सम्बन्ध पैदा करना चाहते हैं फ़रमाया कि मैं तुम्हें बताता हूँ, ''मैं तुम्हें कहता हूँ कि जो तरीक़ा आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने धारण नहीं किया वह केवल मात्र व्यर्थ है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से बढ़कर मुनइम अलैहिम के मार्ग का सच्चा अनुभवी और कौन हो सकता है जिन पर नबुव्वत के भी सारे कमालात ख़त्म हो गए। आप ने जो तरीका धारण किया वह बहुत ही सही और सब से करीब है। इस मार्ग को छोड़कर दूसरा रास्ता ईजाद करना चाहे वह बज़ाहिर कितनी ही अच्छे दिखने वाला मालूम होता हो मेरी राय में हलाकत है और ख़ुदा तआला ने मुझ पर ऐसा ही ज़ाहिर किया है।'

(मल्फ़ूज़ात भाग1 पृष्ठ 355 प्रकाशन 1984 ई)

हमें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से अलग करने वालों की यही हालत नज़र आती है कि पीरों फ़क़ीरों और तथा कथित उल्मा की ग़लत व्याख्याओं से इस्लाम की शिक्षा का कुछ से कुछ बिगाड़ दिया है और फिर भी अपने आपको वास्तिवक मुस्लमान कहते हैं और हमें इस्लाम के दायरा से ख़ारिज करते हैं। फिर उस मुक़ाम मुहम्मदी को अधिक खोल कर वर्णन करते हुए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम वर्णन फ़रमाते हैं कि ''आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्ची अनुकरण से ख़ुदा मिलता है और आप के अनुकरण को छोड़कर चाहे कोई सारी उम्र टक्करें मारता रहे गौहरे मक़सूद उस के हाथ नहीं आ सकता। अत: सादी भी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अनुकरण की ज़रूरत इन स्पष्ट शब्दों में करते हैं।'' फ़ारसी का शेअर है

''बज़ुहद व रअ कूश व सिदक़ वसफ़ा
व लेकिन मीफ़ज़ाए बर मुस्तफ़ा'

(कि पवित्रता तथा तक़्वा और सच्चाई एवं पाकीज़गी के लिए ज़रूर कोशिश करो

मगर मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बताए हुए तरीक़ से आगे न बढ़ो। ''आँहज़रत सिल्ली अल्लाह अलैहि वाला वसल्लम की राह को हरगिज़ न छोड़ो। मैं देखता हूँ कि क़सम किस्म के वज़ीफ़े लोगों ने ईजाद कर लिए हैं। उल्टे सीधे लटकते हैं और जोगियों की तरह राहिबाना तरीक़े धारण किए जाते हैं लेकिन ये सब लाभहीन हैं। अंबिय की यह सुन्नत नहीं कि वे उल्टे सीधे लटकते रहें या नफ़ी इस्बात के ज़िक्र करें और अर्रह के ज़िक्र करें। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इसीलिए ऐसा फ़रमाया''(आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इसी कारण से उत्ताम आचरण फरमाया।) لَكُمْ فِيْ رَسُوْلِ اللّٰهِ اُسْوَةٌ حَسَنَةٌ۔ (अलअहज़ाब 22) अर्थात तुम्हारे लिए रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम में ही उस्वा हसना है। फ़रमाया ''आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के नक़श क़दम पर चलो और एक कण भर भी इधर या उधर होने की कोशिश न करो।

(मल्फ़ूज़ात भाग1 पृष्ठ 356 प्रकाशन1984 ई)

फिर फ़रमाते हैं "अत: इनाम वाले लोगों में जो कमालात हैं और صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ(अल्फातिहा 7)में जिसकी तरफ़ अल्लाह तआला ने इशारा फ़रमाया है उनको प्राप्त करना हर इन्सान का मूल मक़सद है और हमारी जमाअत को ख़ु-सूसीयत से इस तरफ़ ध्यान देना चाहिए क्योंकि अल्लाह तआला ने इस सिलसिला के क़ायम करने से यही चाहा है कि वह ऐसी जमाअत तैयार करे जैसी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने तैयार की थी ताकि इस आख़िरी ज़माना में यह जमाअत क़ुरआन शरीफ़ और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सच्चाई और महानता पर बतौर गवाह ठहरे।''

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 356 प्रकशान1984 ई)

